**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**17.09.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारम्भ–महिलाओं से इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेने का किया आहवान।
- प्रदेश में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 8 लाख महिलाओं के स्वास्थ्य जांच का लक्ष्य।
- देशभर में आज से सेवा पखवाड़ा शुरू–भाजपा द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश।
- कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने कालका से किसान ट्रेन चलाने का केन्द्र से किया आग्रह।

**मध्यप्रदेश–पीएम**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज मध्य प्रदेश के धार से राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह शिविर का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने मातृ वंदना योजना के तहत 15 लाख से अधिक महिलाओं को वित्तीय सहायता भी हस्तांतरित की। उन्होंने महिलाओं से स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जाँच कराने का आग्रह किया।

***140 करोड लोगों ने विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है और विकसित भारत की यात्रा के चार सबसे प्रमुख स्तंभ है भारत की नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान आज यहां इस कार्यक्रम में विकसित भारत के इन चारों स्तंभों को नई मजबूती देने का काम हुआ है।***

**अभियान**

इधर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग द्वारा शिमला स्थित आई.जी.एम.सी. में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान को वर्चुअल माध्यम से प्रसारित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने प्रदेश में 2 अक्तूबर तक चलने वाले इस अभियान की शुरूआत की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभियान के तहत 8 लाख महिलाओं की स्क्रीनिंग का लक्ष्य रखा गया है और हर पीएचसी में सौ महिलाओं की स्वास्थ्य जांच होनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को अधिक से अधिक जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है ताकि महिलाएं आगे चलकर किसी गम्भीर बीमारी का शिकार न बनें। उधर बिलासपुर जिले के घुमारवीं

सिविल अस्पताल परिसर में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के शुभारम्भ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं स्वस्थ होंगी तभी हमारा परिवार स्वस्थ रहेगा और एक स्वस्थ, सशक्त व मजबूत देश का निर्माण सम्भव होगा।

**भाजपा सेवा पखवाड़ा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी आज से 2 अक्तूबर तक देशभर में सेवा पखवाड़ा मना रही है। भाजपा ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ मिलकर जागरूकता अभियानों की एक श्रृंखला शुरू की है और सेवा पखवाड़े के दौरान, अलग–अलग विषयों पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इधर प्रदेश में भी भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है। इसके तहत शिमला के गेयटी थिएटर में आज प्रधानमंत्री मोदी की जीवनी पर आधारित एक प्रदर्शनी लगाई गई जिसका शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने किया। बाद में उन्होंने भाजयुमो द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में भी भाग लिया। इस मौके पर बिन्दल ने कहा कि ये देश का सौभाग्य है कि नरेन्द्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री देश को मिला है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से भारत को विश्व में शक्तिशाली राष्ट्र की श्रेणी में खड़ा किया है।

***यह 15 दिन का समय सेवा का समय है 2014 में जब मोदी जी ने भारत की बात गौरव अपने हाथ में संभाली तो भारत आर्थिक रूप से 11 में पायदान पर खड़ा वह भारत आज 2025 में चौथे पायदान पर खड़ा है वह भारत जिसको कोई भी आंख दिखाता था उसे भारत में दुनिया को ऑपरेशन से दूर करके साबित कर दिया कि भारत दुनिया की सामरिक महाशक्ति बन चुका है।***

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर सहित स्वच्छता अभियान भी चलाया गया।

**राज्यपाल**

इस बीच राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर नरेंद्र मोदी अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन और पुस्तक विमोचन समारोह को संबोधित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री की दूरदर्शिता की सराहना करते हुए वर्ष 2047 तक एक विकसित व सशक्त भारत के निर्माण में रचनात्मक संवाद, नवीन शासन और सामाजिक उत्तरदायित्व की भूमिका पर बल दिया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भरता, नवाचार, सामाजिक न्याय, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छ ऊर्जा और वैश्विक सहयोग पर केंद्रित पहलों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपाय आने वाली पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में कार्य करेंगे।

**फिल्म प्रदर्शन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बाल्यकाल पर आधारित फिल्म चलो जीतें हैं का आज ऊना में पुनः प्रदर्शन किया गया। इस दौरान फिल्म देखने आए लोगों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। चलो जीते हैं फिल्म निस्वार्थता और सेवा का प्रभावशाली संदेश देती है। ऊना में प्रतिदिन 24 सितम्बर तक इस फिल्म के दो शो दिखाए जाएंगे।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को आपदा प्रभावित लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के लिए त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में भारी वर्षा से हुए नुकसान की समीक्षा के लिए आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सितम्बर माह में राज्य में सामान्य से एक सौ 36 प्रतिशत अधिक बारिश जबकि पूरे मॉनसून सीजन के दौरान अब तक 45 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सभी उपायुक्तों को सतर्क रहने और प्रभावित क्षेत्रों का व्यक्तिगत रूप से दौरा कर राहत व पुनर्वास कार्यों की निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**चन्द्र कुमार**

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन कृषि रबी अभियान 2025 आयोजित किया गया। सम्मेलन में कृषि सुधार, किसान कल्याण और नीति कार्यान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश के कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने इस सम्मेलन में भाग लेते हुए केन्द्र सरकार से कालका से किसान ट्रेन चलाने का आग्रह किया ताकि किसानों को अपनी फसलें मण्डियों तक सही समय में पहुंचाने में मदद मिल सके। उन्होंने प्राकृतिक खेती से उगाई गई फसलों का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने का आग्रह भी किया ताकि जैविक व प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिल सके।

**सेवा पर्व**

जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज हम बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय सौर संगठन के माध्यम से भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी देश के रूप में स्थापित किया है। एक रिपोर्ट

डिस्पैच———जलवायु समाधानों से लेकर हरित ऊर्जा तक, भारत ने अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोपरि रखते हुए अंतर्राष्ट्रीय विमर्श को आकार दिया है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व ने इन प्रयासों को ज़िम्मेदारी और समावेशिता के आधार पर स्थापित किया है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन के माध्यम से

जलवायु कार्रवाई के प्रयासों में ये सबसे अच्छी तरह परिलक्षित होता है। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की शुरुआत नवंबर 2015 में पेरिस में आयोजित कॉप–21 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद ने की थी। 120 सदस्य और हस्ताक्षरकर्ता देशों के साथ सौर गठबंधन का लक्ष्य 2030 तक एक हज़ार अरब डॉलर से अधिक का निवेश जुटाना है। नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन की पहली बैठक का उद्‌घाटन करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन दुनिया के लिए आशा की एक बड़ी किरण बनकर उभरा है। इंटरनेशनल सोलर अलायंस दुनिया के लिए उम्मीद की एक बड़ी किरण बनकर सामने आया है सवा सौ करोड़ भारतीयों को इस बात की भी खुशी है कि आइसा का हेड क्वार्टर भारत में ही है। ये आइसा के प्रति अपनत्व को और बढ़ाता है। अल्पविकसित देशों और छोटे द्वीपीय विकासशील देशों पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन लागत–प्रभावी और परिवर्तनकारी ऊर्जा समाधानों के माध्यम से कम कार्बन उत्सर्जन के साथ विकास को बढ़ावा देना चाहता है। भारत की श्एक सूर्य, एक विश्व, एक ग्रिडश पहल में एक वैश्विक सौर ग्रिड की परिकल्पना है। इसका उद्देश्य दक्षिण एशिया से लेकर अफ्रीका और यूरोप तक सौर संसाधनों को जोड़ना है।

**प्राकृतिक खेती**

केरल सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए किसानों को दिए जा रहे न्यूनतम समर्थन मूल्य की पहल की सराहना की है। तिरुवनंतपुरम में जैविक खेती और किसान आय बढ़ाने पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में हिमाचल की इस पहल को सराहा गया है। इस दौरान प्राकृतिक खेती के राज्य परियोजना निदेशक हेमिस नेगी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती की फसलों को देशभर में सर्वाधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है और इस पहल से किसानों को फसलों के अच्छे मूल्य मिल रहे हैं।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम आमतौर पर साफ बना रहा जिससे आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्य में तेजी आई है। इस बीच मौसम विभाग ने आगामी 12 घंटों के लिए ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर और कांगड़ा जिले में कहीं–कहीं तेज बारिश के साथ बिजली गिरने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने मण्डी, सिरमौर, कुल्लू, चम्बा, शिमला और सोलन जिले में भी एक दो स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना जताई है।

**मुख्य समाचार एक बार फिर''**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का किया शुभारम्भ–महिलाओं से इस अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेने का किया आहवान।
- प्रदेश में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत 8 लाख महिलाओं के स्वास्थ्य जांच का लक्ष्य।
- देशभर में आज से सेवा पखवाड़ा शुरू–भाजपा द्वारा अनेक कार्यक्रम किए जाएंगे आयोजित।

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत व पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश।
- कृषि मंत्री चन्द्र कुमार ने कालका से किसान ट्रेन चलाने का केन्द्र से किया आग्रह।